# Factors of Localization of Industries; Iron and Steel Industry

# Factors of Localization of Industries

- मानव अपने जीवन को आरामदायक बनाने के लिए प्रकृति के सहयोग से अनेक प्रकार की वस्तुओं का निर्माण करता है और उनका उपयोग करता है।
- कच्चे माले से वस्तु निर्माण के व्यवस्थित एवं क्रमबद्ध कार्य को उद्योग कहा जाता है।
- किसी भी उद्योग की स्थापना के लिए कुछ तत्वों की आवश्यकता होती है जिनका किसी भी क्षेत्र में एक साथ मिलना कठिन है।
- अतः उद्योगो की स्थापना कई कारकों पर निर्भर होती है जो निम्नलिखित है–

# Factors of Localization of Industries

| भौगोलिक कारक | आर्थिक कारक | राजनीतिक कारक | अन्य कारक |
|---|---|---|---|
| कच्चा माल | सस्ती भूमि | सरकारी नीतियां | तकनीकी |
| उर्जा संसाधन | पूंजी | आयात–निर्यात नीतियां | ऐतिहासिक |
| परिवहन के साधन | उद्यमकर्ता | कर नीति | केन्द्रीयकरण |
| बाजार | | अर्न्तराष्ट्रीय व्यापार | व्यक्तिगत कारक |
| श्रम | | | |
| जलवायु | | | |
| समतल भूमि | | | |

# Iron and Steel Industry

- वर्तमान युग में यह एक आधारभूत उद्योग है जिसे 'उद्योगों की जननी' या 'विकास का सूचकांक' एवं 'भारी उद्योग' भी कहा जाता है।
- एक छोटी आलपिन से लेकर विशाल जहाजों एवं कारखानों के निर्माण में इस उद्योग का महत्वपूर्ण योगदान है। इसलिए आधुनिक सभ्यता को लौह इस्पात का वरदान माना जाता है।

# Iron and Steel Industry

- लौह इस्पात का उत्पादन कच्चामाल, बाजार, परिवहन के साधनों, ऊर्जा, जल, समतल भू–भाग, पूंजी, श्रम, सरकारी नीतियां आदि पर निर्भर करता है।
- पिछले दशकों में इसके उत्पादन में कई परिवर्तन आए हैं।

# Iron and Steel Industry

| | | |
|---|---|---|
| China | 49.42% | विश्व का लगभग आधा उत्पादन। मंचूरिया से ही चीन में इस उद्योग की शुरूआत हुई। यहां अंशान, फुशुनो–पोन्शिहु, मुकडेन मुख्य इस्पात केन्द्र हैं। यांग्ट्सी क्षेत्र में बुहान, मनशान, हुआंगशान, शंघाई, हैकाउ, तापेह एवं शान्सी क्षेत्र में टिटसिन, चिचिआंग, पेकिंग, ताइपुआन मुख्य केन्द्र हैं। |
| Japan | 6.66% | कच्चे माल की कमी के बावजुद भी जापान ने उसका आयात कर प्राविधिक उन्नति के आधार पर इस उद्योग का विकास किया है। कच्चा माल जहाजों से मंगाए जाने के कारण जापान के अधिकांश इस्पात केन्द्र तटीय क्षेत्रों में ही स्थित हैं। जापान में सर्वप्रथम विकास उत्तरी क्यूशु में शुरू हुआ। यहां यावता, तोबाता, शिमोनोसेकी, नागासाकी मुख्य केन्द्र हैं। इसके अतिरिक्त कोबे, ओसाका, हिरोहिता, सकाई, टोकियो, याकोहामा, कावासाकी, मुरोरन नदी क्षेत्र आदि प्रमुख केन्द्र हैं। |

# Iron and Steel Industry

| | | |
|---|---|---|
| **USA** | **5.28%** | इसके पूर्वी भाग में महान झीलों के किनारें एवं अप्लेशियन पर्वत के सहारे अधिकांश विकास हुआ है। शिकागो–गैरी क्षेत्र विश्व का प्रमुख क्षेत्र है। ईरी, डेट्रायट, लारेन, टोलेडो, क्लीवलैंड, मिलवाकी, डूलूथ, पिट्सबर्ग, यंग्सटाउन, जोहन्सटाउन, वाशिंगटन, बोस्टन, फिलाडेल्फिया, अलबामा आदि प्रमुख क्षेत्र हैं। |
| **India** | **5.22%** | प्रथम कारखान 1907 में जमशेदपुर में लगा। दुर्गापुर, आसनसोल, कुल्टी, बोकारो, राउरकेला, भिलाई, सेलम, विशाखापट्टनम, भद्रावती, विजयनगर आदि प्रमुख केंद्र हैं। |
| **S Korea** | **4.26%** | पोहांग, ग्वांगयांग। **POSCO** विश्व की प्रमुख बहुराष्ट्रीय कंपनी। |

# International Tread

- प्रमुख निर्यातक देश जापान, जर्मनी, रूस, चीन, भारत, यूएसए, ब्रिटेन, द. कोरिया, बेल्जियम, फ्रांस, इटली आदि हैं।
- प्रमुख आयातक देश द.पू. एशिया, लैटिन अमेरिका एवं अफ्रीकी देश हैं।